## 16 वें कॉमन रिव्यू मिशन के भ्रमण हेतु जनपद कुशीनगर में राज्य स्तरीय कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग के दल की भ्रमण आख्या

भारत सरकार के **19 वें कॉमन रिव्यू मिशन** के भ्रमण हेतु तैयारी को लेकर जनपद कुशीनगर में कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य स्तरीय कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग के दल के द्वारां दिनांक 11 नवम्बर से 15 नवम्बर 2024 तक जनपद की स्वास्थ्य इकाइयों पर भ्रमण किया गया, **जिसमें निम्न सुधारात्मक कार्यवाही एवं रिकार्ड अपटेड कराने का कार्य किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण–**

1. **श्री अजय शर्मा– टीम लीडर आयु0आरो0मं0, कम्यु0प्रो0,एस.पी.एम.यू.।**
2. **श्री बलराम तिवारी– रीजनल कोआर्डिनेटर–स्टेट, कम्यु0प्रो0, एस.पी.एम.यू.।**
3. **श्री जय प्रकाष– रीजनल मैनेजर कम्यु0प्रो0, कानपुर मण्डल।**
4. **श्री अनूप श्रीवास्तव– रीजनल मैनेजर कम्यु0प्रो0, लखनऊ मण्डल।**
5. **श्री आर0पी0सिंह–जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, गोण्डा।**
6. **श्री कुलदीप सिंह–जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, लखीमपुर खीरी।**
7. **श्री संजीव कुमार–जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, संत कबीर नगर।**

### – आशा कार्यक्रम –

- क्षेत्र में आशाओं एवं आशा संगिनी के पास आशा डायरी एवं आशा संगिनी डायरी को पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान कर डायरी पूर्ण करायी गयी।
- आशा मास्टर भुगतान पंजिका को तैयार कराने में तकनीकी सहायता प्रदान कर पूर्ण कराया गया।
- आशा शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन एवं समिति के सदस्यों की सूची का प्रदर्शन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया।
- आशाओं के पास आशा ड्रग किट की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी।
- 6–7 मॉड्यूल प्रशिक्षित आशाओं की एचबीएससी किट में खराब उपकरणों को परिवर्तित कर आशाओं को क्रियाशील किट की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गई।
- आशाओं एवं आशा संगिनी के लम्बित भुगतान को पूर्ण कराया गया।
- ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यक्रम से संबंधित रिकॉर्ड पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान किया गया।

### – आयुष्मान आरोग्य मदिर –

- दिशा निर्देशों के अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवीन कक्ष की इटरनल ब्राडिंग हेतु जनपद मुख्यालय से आई0ई0सी0 प्राप्त कर उन्हे आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लगवाया गया।
- कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निर्धारित रजिस्टरों को अपटेड कराया गया गया।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर दिशा निर्देश के अनुसार वन टाइम उपकरणों की उपलब्धता एवं अन्य आवर्ती की उपलब्धता करायी गयी यथा टेलीविजन, इन्वर्टर इत्यादि।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय आयुषमान आरोग्य मंदिर पर दिशा निर्देश के अनुसार डायग्नोसिटिक किट सामु0स्वा0केन्द्र एवं जनपद मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर उपलब्ध कराया गये।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर नवीन ई.डी.एल. के अनुसार औषधियॉ उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया गया
- एएनएम सी एच ओ के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग ई कवच पोर्टल पर पुनः प्रशिक्षण प्रदान कर किया गया।
- रोगी कल्याण समिति एवं जन आरोग्य समिति की बैठकों के कार्यवृत्ति अधुन्नात किये जाने में सहयोग प्रदान किया गया।
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 14 डायग्नोस्टिक उपलब्ध करायी गयी तथा इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान कराया गया।
- भ्रमण के दौरान पाया गया कि उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर हीमोग्लोबिन जांच हेतु उपलब्ध कराए गए हिमोग्लोबीनोमीटर की सही स्ट्रिप सामु0 स्वा0 केन्द्र के फार्मासिस्ट से समन्वय स्थापित कर उपलब्ध करायी गयी।
- एक्सपेंडेड सर्विस पैकेज का प्रशिक्षण अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है जिस कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निर्धारित 12 सेवाएं क्रियाशील नहीं है।
- महत्वाकाक्षी ब्लाक बिशुनपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित् करायी गयी।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्धारित मानकों के आधार पर गैप एनालिसिस व भौतिक सत्यापन के आधार पर पाये गये गैप एनालिसेस की सूची जो पूर्व में जनपद स्तर को आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी गयी थी, उन गैप को जनपद के उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराने में राज्य स्तरीय भ्रमण दल के द्वारा सहयोग प्रदान कर पूर्ण कराया गया।**

(बलराम तिवारी)
रीजनल कोआर्डिनेटर–स्टेट
कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

(अजय कुमार शर्मा)
टीम लीडर–AAM
कम्युनिटी प्रोसेस अनुभाग,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।